आया हु थेरे दर पे

आया हु थेरे दर पे श्रद्धा के फूल लेकर....
सेवा में दास रख लो चरणों की धुल देकर....

इतने बड़े धनी का गर दास बन मैं जाऊं
किस चीज की कमी फिर जो चाहूँ मैं ओ पाऊं
नौकर मुझे बना लो थोड़ा उधार देकर

तुम साथ हो जो मेरे किस बात की कमी है
सेठों के सेठ के घर मुझे नौकरी मिली है
मुझे तुम बुलाते रहना अपनी पुकार देकर.

न छोड़ना दयालू मेरा हाथ इस डगर में
मुझे दिल से न भुलाना करूँ भूल कुछ अगर मैं
किस दर पे जाऊंगा फिर परिवार अपना लेकर

राजू को श्याम अपने चरणों में तू जगह दे
तेरा नाम गुनगुनाऊं बस काम ये बता दे
जीवन सवार लूँगा तेरा नाम श्याम लेकर

राजकुमार सिंह
लोनी वाले
मो 9458723219

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/2599/title/aaya-hu-tere-dar-pe-shardha-ke-phul-lekar-sewa-me-daas-rakh-lo-charno-ki-dhul-dekar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |